आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 11.12.2025, समय 0720

मुख्य समाचार :–

- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून में 'स्वदेशी महोत्सव उत्तराखंड विकास प्रदर्शनी' में महिला सम्मेलन का उद्घाटन किया। कहा– महिलाएं स्वदेशी अभियान की आधारशिला हैं।
- केंद्र सरकार ने कहा– आकाशवाणी और दूरदर्शन के माध्यम से आपदा सम्बंधी चेतावनी और कल्याणकारी योजनाएं देश के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंची।
- ऊधम सिंह नगर में अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 6 एकड़ भूमि पर बने 65 मकानों और चार धार्मिक स्थलों पर ध्वस्तीकरण के नोटिस चस्पा किए।
- विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने पौड़ी जिले के पनियाली में 50 दिवसीय रिंगाल क्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया।
- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने हल्द्वानी में शहीदों के आश्रितों के लिए हॉस्टल निर्माण की घोषणा की।

~~स्वदेशी महोत्सव~~

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित 'स्वदेशी महोत्सव उत्तराखंड विकास प्रदर्शनी' में महिला सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाएं स्वदेशी अभियान की आधारशिला हैं, क्योंकि उनके तैयार किए गए उत्पाद देश–विदेश में अपनी पहचान बना रहे हैं।

श्रीमती आर्या ने कहा कि सभी को स्वदेशी भावना को अपने रोजमर्रा के आचरण और दिनचर्या में शामिल करना होगा, तभी देश स्वदेशी आंदोलन को आगे बढ़ा सकेगा।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में स्वदेशी उत्पादों और कौशल की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी आंदोलन ने देश को आज़ादी दिलाने में अहम योगदान दिया था, और अब समय है कि इस आज़ादी को और अधिक मजबूत और सुरक्षित बनाएं– जो स्वदेशी भावना को सशक्त करने से ही संभव है।

आकाशवाणी

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने कहा है कि सरकार ने लोक प्रसारक प्रसार भारती के अन्तर्गत आकाशवाणी और दूरदर्शन के माध्यम से आपदा चेतावनी और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देश के प्रत्येक व्यक्ति तक मजबूती से पहुंचाना सुनिश्चित किया है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में डॉ. मुरुगन ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं, जन–परामर्श और आपदा संबंधी सूचनाओं का ग्रामीण, दूरस्थ और सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रसार बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रसार भारती अपने सोशल मीडिया के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक तक सूचनाओं का प्रसार करता है।

अवैध अतिक्रमण

प्रदेश में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सरकार का अभियान जारी है। इसी क्रम में ऊधम सिंह नगर जिले के गूलरभोज डैम क्षेत्र में ठंडा नाला के आसपास सिंचाई विभाग की आठ एकड़ से अधिक भूमि पर बने कच्चे और पक्के निर्माणों पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने छह एकड़ भूमि पर बने 65 मकानों और चार धार्मिक स्थलों पर ध्वस्तीकरण के नोटिस चस्पा किए।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर अवैध अतिक्रमण को हटाने और भविष्य में इस पर रोक लगाने के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

ट्रांसप्लांटेशन विभाग

ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान– एम्स में जल्द ही 'मल्टी ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन सर्जरी विभाग' की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर विभाग स्थापित करने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों में एम्स ऋषिकेश में उन्नत चिकित्सा सेवाओं, विशेषकर अंगदान और मल्टी ऑर्गन प्रत्यारोपण की माँग तेजी से बढ़ी है। इस विभाग की स्थापना न केवल उत्तराखण्ड, बल्कि पड़ोसी राज्यों और पूरे हिमालयी क्षेत्र के मरीजों के लिए अत्यंत लाभकारी होगी।

रिंगाल काप्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने पौड़ी जिले के पनियाली स्थित सामुदायिक सुविधा केन्द्र में 50 दिवसीय रिंगाल क्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि राज्य की पारंपरिक रिंगाल शिल्पकला को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुँचाने का एक सशक्त प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस पहल से स्थानीय युवा, विशेषकर अनुसूचित जाति समुदाय के युवक–युवतियाँ, आत्मनिर्भरता की दिशा में नई शुरुआत करेंगे।

उत्तराखंड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद के सहायक निदेशक नलिन राय ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्थानीय संसाधनों के माध्यम से प्रशिक्षण देना है।

जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार की प्रबंधक उपासना सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम उन लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा जो बांस और रिंगाल आधारित कार्य करना चाहते हैं।

सैनिक कल्याण मंत्री

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि हल्द्वानी में शहीदों के आश्रितों और उनके बच्चों के लिए एक हॉस्टल का निर्माण जल्द किया जाएगा, जिसे जनरल बिपिन चंद्र जोशी के नाम पर बनाया जाएगा। कुमाऊँ भ्रमण के दौरान उन्होंने पिथौरागढ़ में पूर्व सैनिक संगठन के सदस्यों से मुलाकात की और जिले में पूर्व सैनिकों के लिए एक मिलन केंद्र स्थापित करने की घोषणा की, जिससे उन्हें संवाद और सहयोग का सशक्त मंच मिल सकेगा।

इस अवसर पर उन्होंने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

इस बीच, श्री जोशी ने पिथौरागढ़ स्थित जनरल बी.सी. जोशी आर्मी पब्लिक स्कूल में स्वर्गीय जनरल बी. सी. जोशी की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि जनरल बी.सी. जोशी भारतीय सेना में नेतृत्व, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक रहे हैं और उनका जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है।

<u>पुलिस चौकी</u>

उत्तरकाशी जिले में भारत–चीन बॉर्डर पर स्थित नेलांग के अलावा पांच अन्य स्थानों पर पुलिस चौकी बनाने का कार्य तेज हो गया है। पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय ने शासन को इस संबंध में एक प्रस्ताव भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस विभाग ने शासन को भेजे गए प्रस्ताव में भारत–चीन बॉर्डर पर स्थित हर्षिल थाने के नेलांग, कोतवाली में पिपली मंजकोट, धरासू में जोगत, बनचौरा, पुरोला में बर्नीगाड और मोरी में <u>दोणी</u> में पुलिस चौकी बनाने की मंजूरी मांगी है। इनके बनने से भारत–चीन सीमा पर सेना, आईटीबीपी और पुलिस की चौकसी भी बढ़ जाएगी।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....

प्रदेश में आसान हुआ नए शहर बसाना, सात कानूनों में जेल नहीं सिर्फ जुर्माना– अमर उजाला की आज की सुर्खी। इस खबर पर हिन्दुस्तान ने राज्य मंत्रिमंडल के हवाले से लिखा है– उत्तराखंड में कृषि भूमि पर बन सकेंगे रिजोर्ट।

इंडिगो हवाई सेवा को लेकर भी सभी समाचार पत्रों ने खबर को प्राथमिकता से स्थान दिया है। दैनिक जागरण का शीर्षक है– दिल्ली हाईकोट ने पूछा, एयरलाइन व्यवस्था में नाकाम रही तो सरकार ने क्या किया।

एक अन्य खबर पर दैनिक जागरण की सुर्खी है– पौड़ी में आदमखोर गुलदार के आतंक का अंत, लोगों ने ली राहत की सांस।

यूनेस्को ने दीपावली को विश्व धरोहर का दर्जा दिया– इस खबर को सभी समाचार पत्रों प्रमुखता से स्थान दिया है।